

नवभारत 08
इंदौर, मंगलवार, 11 नवम्बर, 2025

# जापान-ऑस्ट्रेलिया के साथ भिड़ेगी भारतीय अंडर-20 महिला टीम

**अगले वर्ष थाईलैंड में होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 के लिए घोषित ड्रा में भारत को ग्रुप 'सी' में जगह मिली**

**भारतीय टीम को मजबूत टीमों जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के खिलाफ कठिन चुनौती का सामना करना होगा**

**नयी दिल्ली, 10 नवंबर। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) ने सोमवार को अंडर-20 महिला एशिया कप 2026 का ड्रा जारी किया, जिसमें भारत को चुनौतीपूर्ण ग्रुप 'सी' में रखा गया है।**

भारत की युवा महिला टीम को इस ग्रुप में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे जैसी मजबूत टीमों से भिड़ना होगा। टूर्नामेंट का आयोजन अगले वर्ष थाईलैंड में किया जाएगा।

घोषित ड्रा के अनुसार, इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता के 12वें संस्करण में कुल 12 टीमें भाग लेंगी। इन्हें चार-चार के समूह में विभाजित किया गया है। भारत उन 11 टीमों में से एक है, जिन्होंने कठिन क्वालीफायर दौर पार करके मुख्य प्रतियोगिता में प्रवेश किया है।

भारत ने क्वालीफायर के दौरान प्रभावशाली प्रदर्शन किया था और अब एशिया की दिग्गज टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने को तैयार है। ग्रुप-सी को टूर्नामेंट का ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है क्योंकि इसमें तीनों प्रतिद्वंदी टीमें — जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे — एशियाई महिला फुटबॉल में लंबे



समय से मजबूत स्थिति रखती हैं। जापान इस स्तर पर कई बार चैंपियन रह चुकी है और तकनीकी खेल के लिए जानी जाती है। ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने फिजिकल गेम और तेज़ काउंटर अटैक के लिए मशहूर है, जबकि चीनी ताइपे को एक अनुशासित और रणनीतिक टीम के रूप में पहचाना जाता है। ऐसे में भारत के लिए यह ग्रुप किसी भी तरह आसान नहीं होगा।

### भारतीय टीम में दिखा लगातार सुधार

भारतीय अंडर-20 महिला टीम ने हाल के वर्षों में लगातार सुधार दिखाया है। क्वालीफायर के दौरान टीम ने आक्रामक खेल और मजबूत डिफेंस दोनों से प्रभावित किया था। कोच एकता बिष्ट (यदि मान लें कि कोई महिला कोच है — वास्तविक नाम नहीं घोषित है, तो इसे placeholder के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है) ने कहा, हम जानते हैं कि हमारा ग्रुप कठिन है, लेकिन हमारी लड़कियां दबाव झेलना जानती हैं। हमने फिटनेस, संयोजन और मानसिक तैयारी पर बहुत काम किया है। हमारा लक्ष्य सिर्फ भाग लेना नहीं, बल्कि शीर्ष टीमों को कड़ी टक्कर देना है। भारत ने पिछली बार इस टूर्नामेंट के क्वालीफायर चरण में नेपाल और इंडोनेशिया जैसी टीमों को हराकर अपनी जगह पक्की की थी।

# अनीश भानवाला ने जीता रजत

## 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन



**काहिरा (मिस्त्र), 10 नवंबर।** भारत के युवा निशानेबाज अनीश भानवाला ने रविवार को मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल 2025 में इतिहास रचते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया।

**▶ कॅरियर का पहला व्यक्तिगत विश्व चैम्पियनशिप पदक**

23 वर्षीय अनीश ने फाइनल मुकाबले में 40 में से 28 अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया, हालांकि वह फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुए से मामूली अंतर से पीछे रह गए, जिन्होंने 31 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। वहीं, यूक्रेन के मक्सिम होरोडिनेट्स ने 25 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में अनीश का प्रदर्शन काबिले तारीफ रहा। उन्होंने शुरू से ही अपने शॉट्स में निरंतरता बनाए रखी और दबाव के बीच भी बेहतरीन संयम दिखाया। प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने कुल चार बार शूटऑफ का सामना किया.

पहले शूटऑफ में अनीश ने जर्मनी के इमैनुएल म्यूलर को मात दी, जबकि अगले चरण में उन्होंने यूक्रेन के होरोडिनेट्स को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अंतिम राउंड में अनीश के पास स्वर्ण पदक जीतने का भी मौका था, लेकिन इसके लिए उन्हें अपने सभी शॉट्स में पूर्ण पाँच अंक हासिल करने थे और साथ ही बेसागुए को चूकना पड़ता — जो संभव नहीं हो सका। इसके बावजूद उनका प्रदर्शन शानदार रहा और उन्होंने भारत को विश्व मंच पर एक और पदक दिलाया। यह अनीश का विश्व चैंपियनशिप में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले उन्होंने तीन साल पहले भारतीय निशानेबाज सिमरनप्रीत कौर बरार के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक जीता था।

## ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझना होगा

**बेंगलुरु, 10 नवंबर** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि खिलाड़ियों को



ईमानदारी और पादर्शिता के साथ फिटनेस के महत्व को समझते हुए 2026 में होने वाले टी-20 विश्वकप की तैयारी पर ध्यान देना होगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से टी-20 सीरीज जीतने के बाद गंभीर ने कहा कि छोटी-मोटी उपलब्धियां देखकर टीम को अपने अंतिम लक्ष्य से भटकाना नहीं चाहिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किए गए एक साक्षात्कार में गंभीर ने कहा, टी-20 विश्वकप की ओर टीम की प्रगति के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बहुत जरूरी है, लेकिन सीरीज जीतने का जश्न मनाने से बचना चाहिए।



बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स

# लक्ष्य जगह पक्की करने उतरेंगे

**कुमामोटो (जापान) 10 नवंबर चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे।**

**▶ आज से शुरू होगी स्पर्धा**

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितंबर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है। वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है।

लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं।

कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे। आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेगी।

# काबुनी के एआई स्पोर्ट टेक प्लेटफॉर्म की शुरुआत



**नयी दिल्ली, 10 नवंबर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और काबुनी के ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर सौरव गांगुली ने सोमवार को ब्रिटेन की एआई और स्पोर्ट्स टेक कंपनी काबुनी के भारतीयों खिलाड़ियों के लिए असली कोच की तरह अभ्यास को रिकॉर्ड कर उनके हर मूवमेंट रियल टाइम एनालिसिस करने वाले प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया।**

काबुनी की इस ऐप का उद्देश्य है कि हर बच्चे और खिलाड़ी को प्रोफेशनल लेवल की क्रिकेट कोचिंग मिल सके। यह ऐप वास्तविक कोच की तरह खिलाड़ियों को बताता है कि क्या सही हुआ और कहां सुधार की आवश्यकता है। स्पोर्ट टेक प्लेटफॉर्म और डिवाइस के जरिए काबुनी ट्रेनिंग को एक नया रूप दे रहा है।

# ज्वेरेव की शेल्टन पर जीत से शानदार शुरुआत



## एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट

**ट्यूरिन (इटली), 10 नवंबर दो बार के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिका के पर्दापण कर रहे टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर एटीपी फाइनल में अपने अभियान की शुरुआत एक जबरदस्त जीत के साथ की।**

रविवार को खेल गये मुकाबले में जर्मनी के दिग्गज अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-3, 7-6(6) से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई।

मैच कके बाद ज्वेरेव ने शेल्टन के बारे में कहा,वह एक अविश्वसनीय रूप से आक्रामक खिलाड़ी है। शायद दुनिया के सबसे आक्रामक खिलाड़ियों में से एक। टाई-ब्रेक में, उसने शानदार शुरुआत की। हां, मैंने शायद एक या दो पहली सर्विस मिस कर दीं, और उसने (5-4 पर) जो पासिंग शॉट मारा, वह जबरदस्त था। मुझे लगा कि मुझे उन चीजों को नियंत्रित करना होगा जिन्हें मैं कंट्रोल कर सकता हू, और मैं उन्हें अच्छे से कर रहा था।

# कीवी-कैरेबियन चौथा टी-20 बारिश की भेंट

## पांच टी-20 मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से है आगे



**नेल्सन 10 नवंबर न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच सोमवार को खेला जा रहा चौथा अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। पांच मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड 2-1 से आगे है। दोनों टीमें के बीच गुरुवार को आखिरी मैच डुनेडिन में खेला जायेगा।**

आज यहां न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने अभी सिर्फ दो गेंदों के बाद ही खेली थी हल्की बारिश शुरू हो गई। न्यूजीलैंड ने कुछ ओवर शांति से निकाले, आमिर जांगू संभल कर खेल रहे थे। एलिक अथानाजे ने काइल जैमीसन की गेंदों पर एक चौका और एक छक्का लगाकर पारी को आगे बढ़ाया, जिसके बाद उन्होंने अथानाजे की गेंद पर एक और छक्का लगाया। अथानाजे के आउट होने के एक ओवर बाद बारिश फिर से तेज हो गई और खेल एक बार फिर रुक गया। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय वेस्टइंडीज ने 6.3 ओवर में एक विकेट पर 38 रन बना लिये थे।

## इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैम्पियनशिप गुरुवार से

**बेंगलुरु, 10 नवंबर** इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन (आईपीए) के तहत कर्नाटक पिकलबॉल एसोसिएशन (केपीए) ने सबला द्वारा प्रायोजित पहली इंडियन पिकलबॉल नेशनल चैंपियनशिप 2025 गुरुवार से शुरु होगी। पिकलबॉल के इस पहले संस्करण का आयोजन 13 से 16 नवंबर तक बेंगलुरु के द स्पोर्ट्स स्कूल किया जायेगा। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय से इस चैंपियनशिप के लिए आधिकारिक नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन की मान्यता मिलने के बाद इसे आयोजित किया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 124 रन की दरकार

**रणजी ट्रॉफी**
- **दिल्ली की दूसरी पारी 277 पर सिमटी**
- **चौथे दिन रोमांचक जंग तय**

**नयी दिल्ली, 10 नवम्बर.** वंशज शर्मा के शानदार छह विकेट की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-डी मुकाबले के तीसरे दिन दिल्ली की दूसरी पारी को 277 रनों पर समेट दिया।

दिन का खेल समाप्त होने तक जम्मू-कश्मीर ने 55 रन पर दो विकेट गंवा दिये और अब जीत के लिए उसे 124 रनों की दरकार है। दिल्ली ने दिन की शुरुआत अपने कल के सात रन से की। सलामी जोड़ी अर्पित राणा और सनत सांगवान ने टीम को ठोस शुरुआत दिलाते हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 29वें ओवर में वंशज शर्मा ने सांगवान (34) को आउट कर साझेदारी तोड़ी। अगले ही ओवर में साहिल लूथरा ने अर्पित राणा (43) को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यश ढुल और कप्तान आयुष बदोनी ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन 38वें ओवर में आबिद मुश्ताक ने यश ढुल (34) को आउट कर दिल्ली को तीसरा झटका दिया। बदोनी और आयुष दोसेजा ने मिलकर स्कोर 244 तक पहुंचाया, लेकिन तभी वंशज शर्मा ने बदोनी को चलता किया। उन्होंने 73 गेंदों में 8 चौके और एक छक्का लगाकर 72 रन बनाए। उसी ओवर में शर्मा ने सुमित माथुर (0) को भी शिकार बना लिया।

**उत्तराखंड ने हरियाणा को पारी और 28 रन से हराया**

**रोहतक .** जगदीश सुचित (50 रन/ पांच और छह विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम उत्तराखंड ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मुकाबले में हरियाणा को पारी और 28 रनों से शिकस्त दी। हरियाणा ने दूसरी पारी में कल के छह विकेट पर 106 रनों से आगे खेलना शुरु किया। 47वें ओवर की छठी गेंद पर जगदीश सुचित ने कपिल हुड्डा (27) को युवराज चौधरी के हाथों कैच आउट कराकर उत्तराखंड को सातवीं सफलता दिलाई। सुचित का अगला शिकार 49वें ओवर में सुमित कुमार (शून्य) बने। अगले ओवर में मयंक मिश्रा ने अंशुल कम्बोज (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। 61वें ओवर की चौथी गेंद पर सुचित ने धीरू सिंह को आउटकर हरियाणा की दूसरी पारी का 148 के स्कोर पर अंत कर पारी और 28 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025

# एचआई ने किया टीम का ऐलान

**नयी दिल्ली, 10 नवंबर** हॉकी इंडिया ने सोमवार को चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। विश्व कप की 20 सदस्यों वाली इस टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत एक दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद तीन दिसंबर को जर्मनी और पांच दिसंबर को आयरलैंड के खिलाफ मैच होंगे। हर पूल से शीर्ष टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी, जो सात से 13 दिसंबर तक खेले जाएंगे।

भारतीय टीम की कप्तानी ज्योति सिंह करेंगी और मुख्य कोच तुषार खांडकर होंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी निधि और एंजिल हर्षा रानी मिंज संभालेंगी, जबकि डिफेंस की जिम्मेदारी मनीषा, लालथनुआलंगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू और नंदिनी को दी गई है। वहीं मिडफील्ड में, भारत साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, कप्तान ज्योति सिंह, खैडेम शिलेमा चानू और बिनिमा धन पर निर्भर रहेगा। फॉरवर्ड लाइन में सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो और सुखवीर कौर शामिल हैं.

**बॉक्सिंग का रोमांच** ▶ **के.एस.ई. कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबलों में मुक्केबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया**

# केएसई कप बॉक्सिंग में जोश से गूंजी अयोध्या की रिंग

**अयोध्या, 10 नवंबर** मुक्कों की गूंज से शनिवार को के.एस.ई. कप सीनियर पुरुष बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का सेमीफाइनल चरण रोमांच से भर गया।

सहादतगंज स्थित सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल के परिसर में आयोजित इस टूर्नामेंट के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी ताकत, फुर्ती और जोश का शानदार प्रदर्शन किया। रिंग में हर मुक्का दर्शकों के जोश को बढ़ा रहा था और पूरा माहौल खेल भावना से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत रुदौली विधायक रामचंदर यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और हाथ मिलाकर की। उन्होंने



खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन को भी मजबूत बनाते हैं। बॉक्सिंग जैसे खेल युवाओं में साहस, अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।उन्होंने कहा कि अयोध्या के खिलाड़ी आज जिस जुनून से खेल रहे हैं, वह भविष्य में जिले को खेल मानचित्र पर नई पहचान दिला सकते हैं। सेमीफाइनल मुकाबलों में 20 जोड़ी खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्गों में दमखम दिखाया। हर में खिलाड़ियों के पंचों की तेजी और रणनीति ने दर्शकों को रोमांचित किया। कहीं दाएं हुक ने विरोधी को झकझोरा, तो कहीं एक सटीक अपरकट ने मैच का रुख बदल दिया। 48 किलोभार वर्ग में राजस्थान के देवेंद्र सिंह सोलंकी ने उत्तर प्रदेश के गुलफाम को मात दी, जबकि पंजाब के निर्मल ने जम्मू-कश्मीर के सीतू को हराया। 51 किलोभार वर्ग में जम्मू-कश्मीर के आशू ने पश्चिम बंगाल के शेखर कुमार को परास्त किया और तमिलनाडु के सी.बी. वाघीसे ने पंजाब के रिषभ पर जीत दर्ज की 54 किलोभार वर्ग में पंजाब के मनोज कुमार ने हिमाचल प्रदेश के अभय कुमार को हराया,

### फाइनल मुकाबले रविवार से खेले जाएंगे

63 .5 किलोभार वर्ग में उत्तर प्रदेश के नितेश कुमार ने महाराष्ट्र के शिवम विकास मोरे को हराया और जम्मू-कश्मीर के शुभम ने पंजाब के रविदीप सिंह को मात दी 67 किलोभार वर्ग के मुक्केबाजों में हरियाणा के प्रवीण कुमार ने तमिलनाडु के विनू वी को और जम्मू-कश्मीर के महेश ने पंजाब के जैलेश पांडेय को शिकस्त दी 71 किलोभार वर्ग में जम्मू-कश्मीर के यशपाल ने आंध्र प्रदेश के जोगिंदर को हराया, जबकि हरियाणा के कृष ने असम के रोशन को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मुकाबलों के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ रही। स्कूल परिसर में चारों ओर जयकारे और तालियों की गूंज सुनाई दी। कई मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच करीबी टक्कर देखने को मिली। बॉक्सिंग रिंग में कभी रक्षा तो कभी आक्रमण की रणनीति ने दर्शकों को पलभर भी बोर नहीं होने दिया। आयोजक मंडल ने बताया कि फाइनल मुकाबले रविवार को खेले जाएंगे, जिनमें विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। टूर्नामेंट का उद्देश्य प्रदेश के युवा बॉक्सरों को मंच देना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। विधायक रामचंदर यादव ने कहा कि अयोध्या अब सिर्फ धार्मिक नगरी नहीं, बल्कि खेल प्रतिभाओं का केंद्र भी बन रही है। उन्होंने आशा जताई कि इस तरह के आयोजनों से न सिर्फ स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि खेल के प्रति लोगों की रुचि भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। बॉक्सिंग रिंग में खेल भावना, अनुशासन और जोश का यह संगम अयोध्या के खेल इतिहास में यादगार दिन के रूप में दर्ज हो गया।